# GREEN LAWNS HIGH SCHOOL

## TERMINAL EXAMINATION -2024-25

## SUBJECT : HINDI

CLASS : 8 A,B,C
TIME : 2 ½ HOURS

MARKS : 80
DATE : 07-10-2024

**NOTE : Attempt all the questions from section A.**

**Attempt any three questions from section B ( From question No. 5,6,7,8 ) and No.9 compulsory.**

## SECTION - A


**प्रश्न1- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** [12]

(I) आत्मनिर्भर भारत

(II) संयुक्त परिवार का महत्त्व

(III) निंदा मनुष्य को ईर्ष्या की अग्नि में जलाती है जबकि प्रशंसा से अंतःकरण पवित्र होता है। कथन को ध्यान में रख कर कोई कहानी या अपना अनुभव लिखिए।

(Iv) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।



**प्रश्न2- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए :** [7]

**(1) अपने विद्यालय की वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।**

**(2) आप छात्रावास में रहते हैं। आपको पिता जी से पता चला है कि आपकी माता जी पूरे परिवार का तो ध्यान रखती हैं, किंतु अपने स्वास्थ्य की अक्सर अनदेखी करती हैं। माता जी को समझाते हुए एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 3- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए -** [10]

एक राजा के चार पुत्र थे। राजा ने उनको बुलाकर कहा कि जो सर्वश्रेष्ठ धर्मात्मा को ढूँढ़ लाएगा, वही राज्य का उत्तराधिकारी बनेगा। पिता की आज्ञा प्राप्त कर चारों राजकुमार घोड़ों पर सवार हुए और चारों दिशाओं में चले गए।

बड़ा राजकुमार अपने साथ किसी सेठ को लाया और उसने बताया 'ये सेठजी सदा सहस्त्रों रुपये दान करते हैं। इन्होंने बहुत से मंदिरों का निर्माण करवाया है, जलाशय खुदवाए हैं और अनेक स्थानों पर इनकी ओर से धर्मार्थ प्याऊ चलते हैं। ये नित्य भगवत कथा-श्रवण करते है।

दूसरे राजकुमार के साथ एक कृशकाय ब्राह्मण था। उसने कहा, 'इन विप्रदेव ने समस्त तीर्थ स्थानों का भ्रमण पैदल ही किया है। असत्य व क्रोध इन्हें छू तक नहीं पाए। नियम से पूजा करके ही जल पीते हैं। तीनों समय स्नान करके पूजा पाठ करते हैं।"

तीसरा राजकुमार अपने साथ किसी साधु को लेकर आया। उसकी बड़ी भारी जटाएँ थीं और शरीर कंकाल मात्र नज़र आता था। उस राजकुमार ने बताया 'महाराज, आप बहुत बड़े तपस्वी है। सात दिनों में केवल एक बार दूध पीते हैं। गर्मी में पंचाग्नि तापते हैं। सर्दी में जल में खड़े रहते हैं। सदा भगवान का ध्यान करते हैं।"

राजा ने उन तीनों को ही धर्मात्मा स्वीकार किया और उन्हें ससम्मान राज्य सभा में स्थान भी दिया।

अंत में छोटा राजकुमार आया। उसके साथ मैले कपड़े पहने एक देहाती था। वह बेचारा दूर से ही हाथ जोड़कर डरता हुआ राजा के सामने आया। तीनों बड़े राजकुमार छोटे भाई की मूर्खता पर हँसने लगे। छोटे राजकुमार ने कहा, "एक कुत्ते के शरीर में घाव हो गए थे। पता नहीं किसका कुत्ता था, इसने देखा और लगा घाव धोने। मैं इसे ले आया हूँ। पता नहीं, यह धर्मात्मा है या नहीं? आप पूछ लें।'

राजा ने पूछा, 'तुम धर्म के लिए क्या करते हो?"

डरते हुए देहाती ने कहा "मैं अनपढ़ हूँ, धर्म क्या जानूँ। कोई बीमार होता है तो सेवा कर देता हूँ। कोई माँगता है तो मुट्टी भर अन्न दे देता हूँ।'

राजा ने कहा, 'यह देहाती सबसे बड़ा धर्मात्मा है क्योंकि धार्मिक कृत्य करना तो धर्म है ही, किन्तु सर्वोत्तम धर्म है बिना किसी चाह के असहाय प्राणियों की सहायता करना। बिना किसी स्वार्थ के भूखे को अन्न देना, रोगी की सेवा-सुश्रूता करना, कष्ट में पड़े हुए को कष्ट से मुक्ति दिलाना आदि।"

1) राजा के कितने पुत्र थे? उन्हें कहाँ और क्यों जाना पड़ा? परीक्षा में कौन सफल हुआ?
2) बड़े राजकुमार की दृष्टि में सबसे बड़ा धर्मात्मा कौन था और क्यों?
3) दूसरे राजकुमार ने किसको धर्मात्मा माना और क्यों?
4) साधु किसके साथ आया था? उत्तका परिचय किस प्रकार दिया गया?
5) राजा ने किसे और किस आधार पर सबसे बड़े धर्मात्मा माना?

**प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -**

(i) **'सुमति' का विलोम बताइए :** [1]

(a) सुंदर मति
(b) कुमति
(c) कुमाती
(d) दुर्मति

(ii) **'कांजल' का पर्यायवाची बताइए :** [1]

(a) तम, तिमिर
(b) काजर, कालिख
(c) अंजन, सुरमा
(d) काजल, अँजन

(iii) **' निर्धन' का भाववाचक संज्ञा बताइए :** [1]

(a) निर्धनता
(b) निधनता
(c) गरीब
(d) गरीबता

(iv)**"आस्तीन का साँप" मुहावरे का अर्थ है ?** [1]

(a) आस्तीन में साँप होना

(b) धोखा देना

(c) मतलबी मित्र

(d) कपटी मित्र

**(v) 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ बताइए :** [1]

(a) चुगली करना

(b) कान को भरना

(c) बातें बताना

(d) झुठ कहना

**(vi) शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।** [1]

(a) बिमारी

(b) बीमारी

(c) बिमारि

(d) विमारी

**(vii)"जो बहुत अधिक बोलता हो" वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।** [1]

(a) बड़बोला

(b) कटुभाषी

(c) मृदुभाषी

(d) वाचाल

**(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :** [4]

**(क) वह सारा दिन खेलता रहा। (वाक्य का शुद्ध रूप बातइए)**

(i) वह पूरा दिन खेलता रहा।

(ii) वह दिनभर खेलता था।

(iii) वह दिनभर खेलता है।

(iv) वह दिनभर खेलता रहा।

**(ख)राम अनुचित नहीं कह रहा है। (नहीं हटाइए लेकिन वाक्य का अर्थ न बदले)**

1. राम अनुचित नहीं कह रहा था।
2. राम अनुचित कह रहा है।
3. राम उचित नहीं कह रहा है।
4. राम उचित कह रहा है।

**(ग) फूल खिल रहा है।(वाक्य का बहुवचन रूप बताइए)**

(i) फूलों खिल रहे हैं।

(ii) फूल खिल रहे है।

(iii) फूलें खिल रहे हैं।

(iv) फूल खिल रहे हैं।

(घ) सरकस में घोड़ा दौड़ रहा है। (लिंग परिवर्तन कीजिए)

5. सरकस में घोडे दौड़ रहा है।
6. सरकस में घोड़ा दौड़ रहे है।
7. सरकस में घोड़ी दौड़ रही है।
8. सरकस में घोडियां दौड़ रही है।

## SECTION – B

**प्रश्न 5- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

**रामेश्वरी एक सप्ताह तक बुखार में बेहोश पड़ी रहीं। कभी-कभी वे ज़ोर से चिल्ला उठतीं और कहतीं, देखो, देखो, वह गिरा जा रहा है- उसे बचाओ, दौड़ो, मेरे मनोहर को बचा लो।" कभी वे कहतीं, "बेटा मनोहर, मैंने तुझे नहीं बचाया। हाँ-हाँ, मैं चाहती तो बचा सकती थी, मैंने देर कर दी।"**

(i) मनोहर का पैर कैसे फिसल गया? [2]

(ii) होश में आने पर रामेश्वरी ने किससे क्या पूछा? और क्यों? [2]

(iii) वह कौन-सी घटना थी जिससे रामेश्वरी का मन पूरी तरह बदल गया? अपने शब्दों में लिखिए। [3]

(iv) मनोहर के हाथ से मुंडेर छूटते ही रामेश्वरी की क्या दशा हुई? स्पष्ट कीजिए। [3]

**प्रश्न 6- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

एक कहानी याद आ रही है। एक स्त्री किसी सहेली के पति की निंदा अपने पति से कर रही है। वह बड़ा उचक्का दगाबाज़ आदमी है। बेईमानी से पैसा कमाता है। कहती है कि मैं उस सहेली की जगह होती तो ऐसे पति को त्याग देती। तब उसका पति उसके सामने यह रहस्य खोलता है कि वह स्वयं बेईमानी से इतना पैसा कमाता है। सुनकर स्त्री स्तब्ध रह जाती है। क्या उसने पति को त्याग दिया? जी हाँ, वह दूसरे कमरे में चली गई।

(i) स्त्री किसकी निंदा, किससे और किन शब्दों में कर रही थी ? [2]

(ii) पति ने क्या रहस्य खोला? [2]

(iii) निंदा की प्रवृत्ति से बचने के लिए क्या करना चाहिए? [3]

(iv) आप निंदा-रस में कब डूबे ? विस्तार से अपना अनुभव लिखिए। [3]

**प्रश्न7- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:**

**भई सूरज !**

**जरा इस आदमी को जगाओ।**
**भई पवन !**
**जरा इस आदमी को हिलाओ।**
**यह आदमी जो सोया पड़ा है,**
**जो सच से बेखबर**
**सपनों में खोया पड़ा है।**
**भई पंछी !**
**इसके कानों पर चिल्लाओ।**

(i) कवि ने किस- किससे आदमी को जगाने के लिए कहा? [2]

(ii) कविता में 'जगाने' से क्या तात्पर्य है? [2]

(iii) प्रकृति से हम क्या- क्या सीखते हैं? स्पष्ट कीजिए [3]

(iv) इसे जगाओ शीर्षक कविता से आप को क्या सीख मिलती है? [3]

**प्रश्न8- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:**

**गुन के गाहक सहस नर, बिन गुन लहै न कोय।**
**जैसे कागा कोकिला, शब्द सुनै सब कोय।।**
**शब्द सुनै सब कोय, कोकिला सबै सुहावन।**
**दोऊ के एक रंग, काग सब भये अपावन ।**
**कह 'गिरिधर कविराय', सुनो हो ठाकुर मन के।।**
**बिनु गुन लहै न कोय, सहस नर गाहक गुन के ।**

(i) कौआ और कोयल में क्या अंतर है? [2]

(ii) प्रस्तुत कुंडलियाँ से क्या सीख मिलती है? [2]

(iii) बिनु गुन लहै न कोय, सहस नर गाहक गुन के' से कवि का क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) शब्दार्थ लिखिए [3]

गुन, गाहक, दोऊ , अपावन, नर, कोय

प्रश्न 9- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(I) -राजा शांतनु गंगा के द्वारा अपनी संतान को नदी के धारा में बहाते हुए देखकर भी कुछ क्यों नहीं बोल पाते थे? [2]

(II) राजा शांतनु क्यों चिंतित थे? [2]

(III) गंगा ने शांतनु को देवव्रत की किन-किन विशेषताओं का परिचय कराया? [3]

(IV) देवव्रत का नाम भीष्म क्यों पड़ा? [3]